






# हनुमानजी की भक्ति में डूबा शहर, श्रद्धा और उल्लास से मनाई जयंती

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 2 अप्रैल.** गुरुवार को भगवान हनुमान के जन्मोत्सव को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया । भोर में 4 बजे से मंदिरों में भक्त पहुंच गए थे। सुबह पांच बजे भगवान हनुमान का जन्म होते ही उत्सव शुरू हो गया। पहले चोला चढ़ाया गया फिर आरती की गई। मीरा नगर स्थित हनुमान मंदिर में भगवान का बाल स्वरूप भक्तों के बीच काफी चर्चित रहा है। यहां सूर्य भगवान को हनुमान पकड़ते हुए बाल स्वरूप में हैं। यहां फूल बंगला सजा फिर भोग भी लगा। इसी तरह रेलवे ओवरब्रिज के नीचे 300 साल पुराने मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पर सुबह से भक्तों की भीड़ राम भक्त हनुमान जी के दर्शनों के लिए उमड़ पड़ी। सुबह के साढ़े पाँच बजते ही आरती शुरू हो गई। आरती में लगभग एक हजार श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ लिया। ग्वालियर से 45 किलोमीटर दूर घाटीगांव में धुआं वाले हनुमान मंदिर पर मेला लगाया गया था। यहां भी काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। ग्वालियर-झांसी रोड पर जौरासी घाटी में स्थित जौरासी हनुमान पर सुबह से ही दूर दराज से आए भक्तों की लंबी लंबी लाइन लगी थी। मंदिरों में सुबह से भंडारे शुरू हो गए थे जो देर शाम तक होते रहे। सभी मंदिरों पर सुंदर कांड का पाठ किया गया। मंदिर में पहुंचने वाले भक्तों को परेशानी न हो उसके लिए पुलिस फोर्स भी तैनात था। मदन मोहन मंदिर मुरार में पीपल चट्टी नाम से विख्यात हनुमान जी के दरबार में हवन के साथ सुंदरकांड पाठ पूर्ण हुआ। इसके बाद हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। भगवान हनुमान को चोला चढ़ाकर आरती की गई। इसके बाद भंडारा शुरू हुआ। खेड़ापति हनुमान मंदिर पर बनारस से आये 11 विद्वानों द्वारा हनुमानजी का अभिषेक किया गया । यह शहर के प्रसिद्ध व प्राचीन हनुमान मंदिर में से एक है। यहां सुबह सुंदरकांड पाठ हुआ और हनुमान जी को विशेष श्रृंगार किया गया। हनुमान जी के जन्म की शुभ वेला पर आरती सुबह 5 बजे हुई। इसके बाद भक्तों को प्रसाद का वितरण किया जा गया।








तलवार व गरगज के हनुमान मंदिर पर हनुमान जयंती पर बैंडबाजों की धुन पर ब्रह्म मुहूर्त में आरती की गई। इसके उपरांत हनुमान जी को चोला चढ़ाया गया और सुंदरकांड का पाठ किया गया। भजन कीर्तन का आयोजन के साथ शाम को सभी भक्तों को भंडारा प्रसादी ग्रहण करवाया गया।

ग्वालियर अंचल में 300 साल पुराना एक ऐसा भी हनुमान मंदिर है, जहां पिछले 26 साल से नॉन स्टॉप अखंड रामायण का पाठ चल रहा है। पड़ाव पुल के नीचे स्थित मंशापूर्ण हनुमान मंदिर तीन सौ साल पुराना है। यहां 26 साल से अखंड रामायण पाठ चल रहा है। मंदिर के दिवंगत महंत पं. गोपाल दुबे ने हनुमान जी की प्रेरणा से ग्वालियर-चंबल संभाग की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर 8 अप्रैल 1997 को अखंड रामायण पाठ प्रारंभ किया था, जो आज भी चल रहा है। यह 24 घंटे चलता है। मंशा पूर्ण हनुमान मंदिर के बारे में कहा जाता है कि यदि श्रद्धालु हनुमान जी के दर्शन करता है तो उसके सभी संकट दर्शन मात्र से ही दूर हो जाते हैं। हनुमान जी उसकी मंशा पूरी कर देते हैं। यही कारण है कि राजनेताओं, सरकारी अधिकारियों से लेकर निर्धन व्यक्ति तक हनुमान जी के दरबार दर्शन करने नियमित आते हैं।

मुरार स्थित हनुमान मंदिर में सुबह 5 बजे हनुमान जन्म के साथ उत्सव मनाया गया। दिन भर अखंड रामायण का पाठ चला। दोपहर बाद भगवान को भोग लगाने के बाद भंडारा का आयोजन किया गया।

**सनातन धर्म मंदिर में मना हनुमानोत्सव** सनातन धर्म मंदिर में हनुमान जयंती महोत्सव श्रद्धा भाव के साथ मनाया जा रहा है। सुबह पांच बजे हनुमान जी महाराज का प्राकृतिक उत्सव मनाया गया। इसके पूर्व मंदिर के पुजारी ने हनुमान जी को चोला चढ़ाकर भव्य श्रृंगार किया। हनुमान जी का विधि विधान से पूजन एवं आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री गिरिराज धरण हाल में शाम को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

### विधानसभा अध्यक्ष ने राम हनुमान रथ यात्रा को दिखाई हरी झण्डी

संकट मोचन हनुमान बालाजी धाम मंदिर, गोलपाड़ा द्वारा आयोजित पांच दिवसीय हनुमत जन्मोत्सव के तीसरे दिन शहर भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। गुरुवार शाम को कोटेश्वर मंदिर से शुरू हुई विशाल राम हनुमान रथ यात्र' को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने भगवान की आरती उतारकर और हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उत्सव की शुरुआत सुबह 5 बजे बालाजी महाराज (हनुमान जी) के पंचामृत अभिषेक और चोला श्रृंगार के साथ हुई। मंदिर परिसर में हनुमान जी महाराज को 56 व्यंजनों का महाभोग लगाया गया। इससे पूर्व, 31 मार्च से जारी अखंड रामायण पाठ का समापन बुधवार 1 अप्रैल को हुआ था।

**यात्रा में शामिल झांकियों ने शहरवासियों का मन मोह लिया:** चरण सेवक जगबीर दास तोमर के अनुसार, इस बार 28 मुखी काली मसानी की झांकी पहली बार ग्वालियर की सड़कों पर उतरी, जो विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा बाहुबली हनुमान और सिंदूरी हनुमान की झांकियां, राम-लक्ष्मण को कंधे पर उठाए हनुमान जी का स्वरूप, राधा-कृष्ण, पंचमुखी हनुमान और वानर सेना की सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।







# उरांव एवं आदिवासी समाज ने मनाया सरहुल पर्व

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,02अप्रैल।** उरांव एवं अन्य आदिवासी समाज संगठन समिति ने गुरुवार को आदिवासी समाज का मुख्य पर्व (खद्दी पर्व) शहर में पारंपरिक तरीके से मनाया गया। इस मौके पर सरना मां धरती माता के देव स्थान जिगसौली में पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना की गई। साथ ही मांदर की थाप पर समाज के लोगों ने मनोहारी नृत्य किया।

समिति के सचिव रामेश्वर राम पटेल ने बताया कि सरहुल पर्व पर सुबह जिगसौली स्थित सरना स्थल पर बैगा रघुवीर भगत एवं सह बैगा मंगल राम भगत ने सरई फूल और पवित्र जल से सरना देव और चाला अयंग देवी की पूजा की। शाम को किरार भवन, गांधी रोड ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें युवक युवतियों व बच्चों ने नृत्य, गीत गाकर आदिदेव को खुश किया। रामेश्वर राम पटेल ने बताया कि उरांव समाज के झंडे का रंग सफेद होता है, जिसमें लाल रंग से चांद और सूरज बने होते हैं। झंडे का सफेद रंग शांति का और उसमें दिया गया लाल रंग शौर्य व मेहनत का प्रतीक है। इस अवसर पर अध्यक्ष जगपति भगत, कोषाध्यक्ष जतरूराम भगत, गुरुचरण भगत, लालसाय भगत, निर्मल भगत, देवचरण भगत, सतीश भगत, उषा भगत, जनमन भगत, सुनील भगत, अजीत भगत, मनमती भगत, पतरू राम भगत, श्याम भगत, लालमंती भगत, सरस्वती, कमला भगत, विजेंद्र भगत, राजकुमार भगत, महावीर भगत, जीवंती, बसंती, सुशीला भगत, पार्वती पटेल, राखी भगत आदि समाज के लोग उपस्थित रहे।

# सुन्दरकाण्ड पाठ के साथ हुआ तरण पुष्कर में तैराकी के नवीन सत्र का शुभारंभ

### पद्मश्री सतेन्द्र लोहिया ने लगाई पहली छलांग,तरण पुष्कर में शुरू होगी तैराकी





**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 02 अप्रैल।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा संचालित तरण पुष्कर (स्वीमिंग पूल) के नवीन तैराकी सत्र का औपचारिक शुभारंभ आज हनुमान जयंती के पर्व पर सुंदरकांड पाठ के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार, सभापति मनोज तोमर, पूर्व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, पैरा तैराकी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामू भैया, लेखा समिति के अध्यक्ष अनिल सांखला, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय, वरिष्ठ नेता कमल माखीजानी, रामेश्वर भदौरिया, धर्मेन्द्र राणा, गिर्राज व्यास सहित अनेक अधिकारी एवं खिलाडी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित अंतरराष्ट्रीय पैरा तैराक एवं पद्म श्री सत्येंद्र लोहिया ने स्विमिंग पूल में पहली छलांग लगाकर तैराकी सत्र का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर महापौर डॉ. सिकरवार ने कहा कि तैराकी से तन के साथ मन भी तंदुरुस्त रहता है। पहले हम तालाबों एवं नदियों में तैरना सीखते थे, अब समय बदल गया है। शहर के अधिक से अधिक युवा स्विमिंग पूल का लाभ उठायें। पूर्व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के बीच यह स्वीमिंग पूल बहुत व्यवस्थित रखा गया है। हम सभी की जिम्मेदारी है कि इसे हमेशा व्यवस्थित ही रखें। जिससे शहर के युवाओं को एक अच्छी सुविधा का लाभ मिल सके। नवीन सत्र के शुभारंभ के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय पैरा तैराक एवं पद्मश्री सत्येंद्र लोहिया ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति का हौसला बुलंद है तो ऐसा कोई कार्य नहीं जो वो न कर सके। मैने स्विमिंग के प्रारंभ में इसी पूल से स्विमिंग प्रारंभ की और अपनी मेहनत हौसलों के बल पर आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश विदेश में ग्वालियर का नाम गौरवान्वित किया है। मेरी निगम प्रशासन से अपील है कि यहां दिव्यांगों को स्वीमिंग के लिए विशेष सुविधा प्रदान की जाए। जिससे और अधिक प्रतिभाएँ ग्वालियर से निकल सकें। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों के आभार व्यक्त लोक लेखा समिति के अध्यक्ष अनिल सांखला ने किया।

अतिथियों का स्वागत नोडल अधिकारी खेल बृज किशोर त्यागी, सहायक खेल अधिकारी अयोध्या शरण शर्मा, जितेन्द्र यादव, नमन कौरव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक खेल अधिकारी विजेता सिंह चौहान ने किया। नोडल अधिकारी खेल बृजकिशोर त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि तरण पुष्कर स्विमिंग पूल पर आज संगीतमय सुंदरकांड का पाठ कर विधि विधान से पूजा अर्चना की। तैराकी के बैच सुबह 6 से 10 एवं शाम 5 से 8 तक रहेंगे, प्रत्येक बैच 45 मिनट का रहेगा, मुख्य कोच अयोध्या शरण शर्मा ने तैराकी आने वाले सभी सदस्यों से अपनी अपनी स्विमिंग कोस्टूम साथ लाने अनुरोध किया है, बगैर कोस्टूम तैराकी नहीं कर सकेंगे एवं प्रथम दिवस निर्धारित समय प्रवेश कार्ड अनुसार समय से 10 मिनट पूर्व आने की सलाह दी है।

### जगजीवन राम की 119वीं जयंती 5 को

**ग्वालियर।** सामाजिक न्याय और समानता के प्रतीक, पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की 119वीं जयंती शहर में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई जाएगी। यह आयोजन 5 अप्रैल रविवार को प्रात: 10 बजे समता पार्क, फूलबाग स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर आयोजित किया जाएगा। मेंयर इन काउंसिल की सदस्य एवं पार्षद गायत्री मंडेलिया के अनुसार, कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और समतावादी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। सभी अतिथि एवं नागरिक , बाबू जगजीवन राम की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन समाज में समानता, न्याय और दलित-शोषित वर्गों के उत्थान के प्रति बाबू जगजीवन राम के योगदान को याद करने का अवसर है। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति भी अपेक्षित है। आयोजन के माध्यम से उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का संदेश दिया जाएगा।

# डेयरी से सिलेंडर सहित 10 हजार नकद ले उड़े चोर

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,02अप्रैल।** घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत को देखते हुए अब चोरों के निशाने पर यह आ गए हैं। ऐसा ही मामला डबरा सिटी थाना क्षेत्र के टेकनपुर से सामने आया है। वहां एक दूध डेयरी के ताले तोड़कर अज्ञात चोर गैस के दो सिलेंडर चोरी कर ले गए। चोरों के हाथ डेयरी के गल्ले में रखे 10 हजार रुपए नकद लग गए। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है और चोरों की तलाश में जुट गई है। डबरा देहात क्षेत्र में रहने वाले मोहन सिंह गुर्जर दूध डेयरी का व्यवसाय करते हैं। उनकी डेयरी टेकनपुर स्थित रामपाल कॉलोनी में है और मोहन गुर्जर वर्तमान में वहीं रहते हैं। मंगलवार रात को मोहन गुर्जर ने काम खत्म किया और डेयरी में ताला लगाकर घर चले गए। सुबह जब वह पहुंचे तो देखा कि डेयरी का ताला टूटा हुआ है। शटर खोलकर अंदर पहुंचे तो पता चला कि गैस के दो सिलेंडर गायब हैं। उन्होंने डेयरी के गल्ले को देखा तो उसमें रखे 10 हजार रुपए भी गायब थे। डेयरी में चोरी होने की जानकारी मोहन गुर्जर ने तुरंत टेकनपुर पुलिस चौकी में दी। चौकी प्रभारी बलवीर सिंह मावई अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरु की। सीसीटीवी फुटेज पुलिस को मिले हैं, जिसमें एक चोर डेयरी के अंदर नजर आया है। पुलिस का कहना है कि चोर के फुटेज स्पष्ट नहीं हैं, इसलिए अभी उसके बारे में कोई जानकारी मिली नहीं है।

# निगमायुक्त ने की पार्क विभाग के कार्यों की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 02 अप्रैल।** नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने पार्क विभाग के कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त प्रदीप तोमर, उपायुक्त मुकेश बंसल, पार्क अधीक्षक शैलेन्द्र चौहान एवं पार्क पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

निगमायुक्त के कक्ष में आयोजित बैठक में निगमायुक्त संघ प्रिय ने निर्देशित किया सुपरवाइजर क्षेत्र में भ्रमण कर खोखले पेड़ों एवं जो गिरने की स्थिति में हों उनको चिन्हित करके विधिवत काटने की कार्यवाही करें। इसके साथ ही बरसात से पूर्व पौधा रोपण की सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएँ । पौधारोपण के लिए स्थान जैसे पहाड़ी, पार्क, डिवाइडर या अन्य स्थान पहले से चिन्हित कर लिए जाएं। गर्मियों में ही गड्ढे आदि खोदने का कार्य भी पूर्ण कर लिया है। बरसात प्रारंभ होते ही वृहद रूप से पौधारोपण किया जाएगा।

बैठक में नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जो भी कर्मचारी कार्य करने में लापरवाही बरत रहा है उनको नोटिस जारी करें। साथ ही कहा कि शहर की सड़कों के डिवाइडरों को हरा भरा बनाने के लिए कार्य योजना बनायें तथा डिवाइडरों पर लगे पौधों को गर्मियों में पर्याप्त पानी मिले इसके लिए संबंधित अधिकारी विशेष ध्यान रखें। इसके साथ ही निर्देशित किया जो पार्क विभिन्न योजनाओं के तहत विकसित किए गए हैं उनको हैंड ओवर करने की कार्यवाही करें तथा पार्कों के मरम्मत के कार्यों को पूर्ण करें। पार्क हरा भरा रहे इसके लिए प्रॉपर पानी दें।

### यातायात को अवरूद्ध कर रहे हाथ ठेले को हटाया

ग्वालियर 02 अप्रैल। नगर निगम ने शहर के विभिन्न स्थानों से अस्थायी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। मदाखलत अधिकारी रवि कोरी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार दक्षिण विधानसभा अंतर्गत अतिक्रमण हटाये जाने का अभियान चलाया गया। जिसके तहत महाराज बाड़ा एवं कम्पू के विभिन्न स्थान नजरबाग मार्केट, सुभाष मार्केट, टाउन हॉल एवं के.आर.जी कॉलेज के सामने यातायात अवरुद्ध कर रहे हाथ ठेले फुटपाथ वालों को हटाया जाकर हाथ ठेला , काउंटर टेबल , सिलेंडर आदि सामान जप्त किया ।

# रात में बादल छाए तो दिन में बढ़ा तापमान



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,02अप्रैल।** ग्वालियर में रात के समय बादल छाने के कारण तापमान में बढ़ोतरी होना प्रारंभ हो गई है। जबकि गुरुवार को आसमान साफ रहने से तेज धूप निकली जिससे तापमान में बढ़ोतरी हुई। इससे लोगों को आज से गर्मी महसूस होने लगी । वहीं शुक्रवार को दिन में हल्के बादल रहेंगे, जबकि शनिवार को हल्की बूंदाबांदी एवं बादल छाए रहने की संभावना है। शहर का अधिकतम तापमान 36.1 डिग्री दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 0.8 डिग्री कम है, जबकि न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 3.6 डिग्री अधिक है। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार की रात अन्य रातों की अपेक्षा अधिक गर्म रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार आज दोपहर में तापमान 37 से 38 डिग्री तक पहुंचा है, जबकि न्यूनतम तापमान तकरीबन 26 डिग्री के आसपास रहा। वहीं गुरुवार को हल्के बादल छाए रहे, जिससे गर्मी से थोड़ी राहत मिली, जबकि शनिवार को ज्यादा बादल छाएंगे एवं हल्की बौछार या बारिश की संभावना है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95